हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Raipur Bhoomi - 05 Aug 2025 - Pa

कर ठगी की है।

# कस्टम मिलिंग घोटाला अनवर और टुटेजा की 14 दिन रिमांड बढ़ी

रायपुर। कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल भेजे गए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर की न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। मामले की सुनवाई अब 18 अगस्त को होगी। सोमवार को ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश की अदालत में कस्टम मिलिंग घोटाले की सुनवाई हुई। उक्त प्रकरण में मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी, राइस मिल एसोसिएशन के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ 3500 पेज का चालान पेश किया जा चुका है।